

# हाइवा वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

## चालक एवं मृतका का पति घायल, बंधौरा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ हादसा, चार घंटे ठप रहा आवागमन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। पुलिस चौकी क्षेत्र बंधौरा के अमिलिया रोमी पेट्रोल पंप के पास एक नौसिखिया हाईवा वाहन चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दिया। जहां स्कूटी में सवार 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मृतिका का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। करीब चार घंटे के अधिक समय तक चक्काजाम चलता रहा। एसडीएम एवं एसडीओपी, तहसीलदार, टीआई एवं चौकी प्रभारी के समझाइस के बाद मामला शांत हुआ।**

जानकारी के अनुसार थाना माड़ा के पुलिस चौकी बंधौरा अंतर्गत अमिलिया निवासी बिफलाल साहू अपनी पत्नी धनमति साहू के साथ स्कूटी वाहन में सवार होकर घर लौट रहे थे कि आज दिन शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे रोमी पेट्रोल पंप के समीप कोल ट्रांसपोटर के लापरवाह हाईवा वाहन के नौसिखिया चालक ने गलत दिशा से हाईवा वाहन तेज गति से ले जा रहा था कि स्कूटी सवार दम्पत्ति को जोरदार टक्कर मार दिया, जिसमें महिला धनमति साहू उम्र 60 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं बिफलाल साहू उम्र 64 वर्ष घायल हो गये। घायल को तत्काल उपचार के लिए रवाना किया गया। वहीं गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रख चक्काजाम शुरू कर दिया। घटना की खबर मिलते ही सबसे पहले चौकी प्रभारी बीएल बंसल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन आक्रोशित लोग जान छोड़ने के लिए रजामंद नही थे। इसके बाद माड़ा टीआई शिवपूजन मिश्रा के साथ-साथ एसडीएम सुरेश जादव, तहसीलदार के साथ-साथ एसडीओपी मोरवा गौरव पाण्डेय के साथ-साथ मोरवा टीआई यूपी सिंह, सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया अन्य भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा। करीब चार घंटे के समझाइस के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ। ग्रामीणों का आरोप था कि परसौना से रजमिलान, गड़ाखाड़ मार्ग में नो-एन्ट्री का पालन नही हो रहा है। केवल कागजो में ही नो-एन्ट्री चल रही है। निरंतर कोल वाहन इस मार्ग से चलते रहते हैं। जिसके कारण यह हादसा हुआ है। यहां बताते हैं कि उक्त ट्रेलर वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 3457 को चालक फिलिंग स्टेशन में डीजल के लिए खड़ा किया था और कुछ देर बाद खलासी स्टार्ट कर सीखने लगा, तब यह हादसा हुआ। उक्त घटना को अंजाम देने के बाद नौसिखिया चालक फरार हो गया। पुलिस आरोपी चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर तलाश में जुट गई है।



### पांच घंटे तक ठप रहा आवागमन

जानकारी के मुताबिक उक्त सड़क हादसा के बाद स्थानीय सैकड़ों ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख चक्काजाम शुरू कर दिया और आरोप लगाया कि कोल ट्रांसपोटरो को जिलाधिकारियों छूट मिली है। जिसके चलते नो-एन्ट्री का पालन नही हो रहा है। स्थानीय पुलिस चाहते हुये भी नो-एन्ट्री के दिशा-निर्देशो का उल्लंघन करने वाले कोल वाहनों पर कार्रवाई नही कर पाती। यदि कार्रवाई करने का मन स्थानीय पुलिस बनाती है तो ऊपर से दबाव बनने लगता है और स्थानीय पुलिस बेबस है। मृतक के परिजन यह भी मांग कर रहे थे कि मृतक के आश्रितो को नौकरी मिले। साथ ही सहायता राशि मुहैया कराये। इस दौरान मृतिका के आश्रित को चार लाख रूपये का चेक भी मुहैया कराया गया।

### परसौना मार्ग में नो-एन्ट्री का निर्देश बेअसर

बरगवां से परसौना, रजमिलान, गड़ाखाड़ मार्ग में नो-एन्ट्री बेअसर है। कोल वाहन धड़ल्ले के साथ कोयले का परिवहन निरंतर करते रहते हैं। जबकि दो महीने पूर्व तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने स्थानीय जनों के मांग पर लगातार सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुये नो-एन्ट्री घोषित कर दिया। लेकिन उक्त आदेश जारी होने के दो-चार दिन तक पालन हुआ, इसके बाद फिर से कोल वाहन ट्रांसपोटर मनमानी पर उतर आये। स्थानीय जनों का कहना है कि दिनमान एवं 9 बजे रात तक कोल ट्रांसपोट बंद होना चाहिए। फिलहाल नो-एन्ट्री बेअसर है।



# मेघालय के राज्यपाल से मिले विधायक जनहित विषयों पर हुई चर्चा

## विस की प्रश्न संदर्भ समिति है प्रांत के दौरे पर


**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। म.प्र. विधानसभा की प्रश्न संदर्भ समिति इन दिनों असम एवं मेघालय प्रांत के दौरे पर है। इस समिति में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह भी शामिल हैं। जहां आज मेघालय के राजभवन शिलांग पहुंच महामहिम राज्यपाल से शिष्टाचार्य मुलाकात कर जनहित विषयों एवं विकास कार्यो पर चर्चा की।**

गौरतलब है कि म.प्र. विधानसभा प्रश्न संदर्भ समिति असम एवं मेघालय प्रांत के दौरे पर है। इस समिति में विधायक रामनिवास शाह भी गये हुये हैं। आज मेघालय राजभवन शिलांग विधायको के साथ राज्यपाल श्री सी हरि विजयशंकर से शिष्टाचार भेंट करते हुये विकास कार्यो एवं जनहित विषयों पर चर्चा किये। वहीं महामहिम द्वारा रामनिवास व अन्य विधायको को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### कोयला से भरा ट्रेलर वाहन पलटा



**देवसर।** एनएच सीधी-सिंगरौली 39 निर्माणाधीन सड़क जोगिनी में आज दिन शुक्रवार को एक कोयले से लदा ट्रेलर वाहन बेकाबू होकर पलट गया। जहां वाहन छोड़कर चालक भाग खड़ा हुआ। जानकारी के अनुसार सिंगरौली से ट्रेलर वाहन क्रमांक जेएचओ 4 ए 01588 कोयला वाहन लेकर मैहर जा रहा था कि जोगिनी के पास आज सुबह पलट गया। जहां कोयला सड़क पर तितर-बितर होकर फैसल गया।

### खिरवा में बेकाबू कार पलटी



**सिंगरौली।** चितरंगी से मोरवा की ओर जा रही एक बेकाबू कार आज दिन शुक्रवार की दोपहर के वक्त पलट गई। जहां चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों के मदद से घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल के लिए रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार कार वाहन क्रमांक यूपी 65 केटी 4028 चितरंगी की ओर से अनियंत्रित गति में मोरवा जा रही थी कि खिरवा में बेकाबू होकर पलट गई। घायल को तत्काल अस्पताल के लिए रवाना किया गया। हालांकि घटना की सूचना मोरवा पुलिस को नही दी गई है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि कार बेकाबू गति में थी।



# कई आंगनबाड़ी केन्द्र भवन जर्जर, पानी भी नसीब नहीं

## जपं अध्यक्ष ने आईसीडीएस का लिया समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 7 नवम्बर। जनपद पंचायत के सभागार में आज जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कई सुपरवाइजरों ने आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों की समस्याओं से भी अवगत कराया है। इस दौरान अध्यक्ष ने उक्त विभाग के अमले को कई कड़े निर्देश भी दिया है। श्री पाठक ने महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर एवं जिम्मेदारों को कहा कि नियमित आंगनवाड़ियों का खुलना एवं अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति होना भी तय करें। महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के हाल भी बया किये हैं। अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि कई केन्द्रों में बच्चों के बैठने योग्य नही है और कइयों में तो पीने का पानी तक नही है। सुपरवाइजरों द्वारा अपनी समस्या लेकर बताया कि अगर केन्द्रों में एक पर्यवेक्षक रूम मिल जाये तो हमे नियमित जांच करने में आसानी होगी। इस पर श्री पाठक ने जिला कलेक्टर एवं महिला बाल विकास के जिला अधिकारियों से बात कर समस्या के निदान करवाने का आश्वासन दिया, लेकिन सभी सुपरवाइजरों से कहा कि आप से इस आकांक्षी आदर्श ब्लॉक बनाने के लिए प्रयास करिये, जिससे हमारी सरकार का उद्देश्य पूरा हो। बैठक में महिला बाल विकास विभाग का अमला मौजूद रहा।

# एटक ने जिला कार्यालय में संगठन की106 वीं वर्षगांठ

**सिंगरौली 7 नवम्बर ( एनबीएन )।** एटक के स्थापना के 106 साल पूरे होने पर एटक कार्यालय माजन मोड़ में संजय नामदेव के नेतृत्व में वर्षगांठ समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जहां समाज के वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया। वहीं एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कामरेड संजय नामदेव ने बताया कि एटक की स्थापना के बाद से लगातार श्रमिकों, शोषितों एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जाते रहे हैं। संगठन के पदाधिकारी श्रमिकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ उन्हें न्याय दिलाने के लिए सतत प्रयासरत रहते हैं।

# बंधौरा क्षेत्र में कोयले की चोरी करते हाइवा वाहन जब्त

## मुरुम एवं गिट्टी, भस्सी का अवैध परिवहन करते चार ट्रैक्टर जब्त, खनिज विभाग की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। पुलिस चौकी बंधौरा क्षेत्र में कोयला चोरी करते ट्रेलर वाहन एवं बरगवां थाना क्षेत्र में भस्सी तथा कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में मुरूम एवं गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टरों को खनिज विभाग की टीम ने दबोचते हुये सुरक्षार्थ पुलिस चौकी बंधौरा एवं थाना बरगवां तथा कोतवाली बैढ़न में खड़ा कराते हुये अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।**



खनिजो के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरूद्ध कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन एवं खनिज अधिकारी आंकाक्षा पटेल के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाइयां जारी हैं। बीती रात खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल ने विभागीय टीम के साथ रजमिलान-बंधौरा मार्ग में खनिज वाहनों को जांच किया। जिसमें एक ट्रेलर वाहन कोयला चोरी करते पकड़ा गया। जिसे जप्त कर पुलिस चौकी बंधौरा में खड़ा कराया गया है। वहीं आज दिन शुक्रवार को बरगवां थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर भस्सी का परिवहन कर रहा था कि खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा ने ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया है। उधर सहायक खनिज अधिकारी रामसुशील चौरसिया ने आज कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में अलग-अलग स्थानों से तीन ट्रैक्टरो को जप्त कर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। तीनो ट्रैक्टर मुरूम का अवैध परिवहन करते पाये गये थे। फिलहाल खनिज विभाग की उक्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में ऊर्जा, पर्यावरण व उत्कृष्टता का उत्सव आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 7 नवम्बर। एनटीपीसी सिंगरौली ने आज दिन शुक्रवार को उल्लास, ऊर्जा और गर्व के साथ 51वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया।**

यह अवसर न केवल संगठन की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक भी रहा। समारोह की शुरुआत प्रात: वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुई, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, परिवार जनों, वनिता समाज सीआईएसएफ एवं संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहल हरित एनटीपीसी स्वच्छ भारत के संकल्प को सशक्त करती है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संगठन की गहरी निष्ठा को दर्शाती है। संदीप नायक कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख द्वारा एनटीपीसी ध्वजा फहराने से हुआ। अपने संबोधन में कहा कि हमें न केवल ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी रहना है, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी, सामाजिक समरसता और नवाचार की भावना से भी नेतृत्व करना है।






# आयुषी मिनेरिया को मिला चेयरमैन अवॉर्ड

**नवभारत न्यूज**

**अनपरा 7 नवम्बर।** हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन में एचआर हेड आशीष कुमार पांडेय के दिशा-निर्देशन में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेणुसागर की होनहार छात्रा आयुषी मेनारिया कक्षा 12 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर चेयरमैन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मना एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**रिहंदनगर 7 नवम्बर। एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस समारोह रिहंद परियोजना के प्रशासनिक भवन परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।**

स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ने इस अवसर पर ध्वजा फहराया और उपस्थितजनों द्वारा एनटीपीसी गीत गाया गया। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों ने केक काटकर एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर



अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक ने समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों तथा सहयोगी संस्थाओं को 51 वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज एनटीपीसी ने भारत के लिए अनंत संभावनाओं के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण कर लिया है। प्रचालनात्मक उत्कृष्टता और वैश्विक मानकों के अनुपालन की प्रतिबद्धता के साथ हम देश में हर चौथे बल्ब को रोशन कर रहे हैं। एनटीपीसी आज 84 गीगावाट से अधिक की संस्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी बनने की ओर अग्रसर है। अनिल श्रीवास्तव ने एनटीपीसी की अनेक उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि एनटीपीसी रिहंद न केवल ऊर्जा उत्पादन, बल्कि आसपास के समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए शक्ति और प्रगति का प्रतीक रहा है।

# कलिंगा के बर्खास्त पूर्व कलस्टर हेड के खिलाफ उड़ीसा में एफआईआर

## बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के एवज में अवैध वसूली का लगा था आरोप, ओबी कंपनी प्रबंधन हुई सजग

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। ओबी कंपनी कलिंगा में पूर्व में पदस्थ चर्चित कलस्टर हेड प्रशांत श्रीवास्तव के खिलाफ उड़ीसा प्रांत के भुनेश्वर में एफआईआर दर्ज कराया गया है। हालांकि इसके पूर्व कलस्टर हेड को कंपनी में बर्खास्त कर दिया था।**

गौरतलब है कि कलिंगा कॉमर्सियल कार्पोरेशन लिमि. सिंगरौली क्षेत्र में वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव पदस्थ थे। जहां उनपर आरोप था कि बेरोजगारो को रोजगार दिलाने के एवज में कंपनी के नाम अवैध वसूली कर रहे थे। जिसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के यहां भी पहुंची थी और कलेक्टर ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये ओबी कंपनी के प्रबंधन से चर्चा किये थे। उक्त शिकायतो एवं तथ्यों की जांच कराने पर मामला सही पाये जाने पर वरिष्ठ महाप्रबंधक यानी कलस्टर प्रमुख प्रशांत श्रीवास्तव को कंपनी के द्वारा 12 अगस्त को सेवा समाप्त कर दिया गया था। वहीं बर्खास्त कलस्टर हेड के प्रमुख नायापल्ली पुलिस स्टेशन भुनेश्वर उड़ीसा में सोभना पटनायक लीगल एजुकेटिव कंपनी के द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने प्रशांत के विरूद्ध बीएनएस की धारा 316(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध की है। इधर कंपनी से बर्खास्त कलस्टर हेड पर अब गंभीर आरोप भी लग रहे हैं, चर्चा है कि स्थानीय बेरोजगारों को भ्रमित कर फर्जी आंकड़ों को परोसा जा रहा है, ताकि जनमानस के बीच कलिंगा कंपनी की छवि धूमिल हो। इसीलिए लगातार कुछ न कुछ कलिंगा कंपनी में आये दिन हंगामा या अन्य तरह के प्रकरण सामने आते रहते हैं। अब हालांकि धीरे-धीरे लोगबाग भी समझने लगे हैं कि कहीं न कहीं युवाओं को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। वहीं कलिंगा ओबी कंपनी का प्रबंधन मान रहा है कि कहीं न कहीं यह ब्लैकमेलिंग की श्रेणी में है। कंपनी इसी गंभीरता से ली है और कहा है कि युवा वर्ग भ्रमित न हो। जो आंकड़े आ रहे हैं, वह फर्जी है। केवल कंपनी के खिलाफ भड़काने के लिए किसी न किसी द्वारा योजनावद्ध साजिश रची जा रही है।

# भारत स्काउट व गाइड ने मनाया 76वां स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। भारत स्काउट एवं गाइड संघ सिंगरौली द्वारा राज्य मुख्यालय भोपाल के तत्वाधान में भारत स्काउट एवं गाइड का 76वां स्थापना दिवस आज दिन शुक्रवार 7 नवम्बर को मनाया गया।**




इस अवसर पर डीईओ एसबी सिंह के निर्देशन में कार्यालय के सभागार में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में डीईओ के द्वारा सर्वप्रथम स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बैडेन-पॉवेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एवं डीईओ कार्यालय के सभागार में संपन्न कार्यक्रम में हरिश्चन्द्र सिंह आरएमएसए, मान सिंह जिला व्यावसायिक समन्वयक, अशोक शुक्ल प्राचार्य शा. हाई स्कूल नवानगर एवं डॉ. अरूण चतुर्वेदी समन्वयक आईटी सेल तथा राजेन्द्रधर द्विवेदी सह समन्वयक आईटी सेल का स्कार्फिंग से स्वागत कर स्थापना दिवस का स्टीकर लगाया गया। कार्यक्रम में धर्मराज कुशवाहा स्काउटर, अमरजीत बैस स्काउटर व स्काउट गाइड मौजूद रहे। साथ ही सीएम राइज शा. उत्कृष्ट उमावि बैढ़न में स्काउट गाइड स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया गया।




# बिना परमिट के चार स्कूल बसें जब्त

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। निगाही में वाहनों की जांच की गई। जिसमें चार स्कूल बसें बिना परमिट की पाई जाने पर आरटीओ ने जप्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है।**

कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में जिला परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने आज दिन शुक्रवार को स्टाफ व्यौमकांत तिवारी व अन्य के साथ वाहनों की चेकिंग किया। जिसमें स्कूल बस सर्विस क्रमांक एमपी 17 जेडएन 6880 समेत तीन बसें बिना परमिट की पाई गई। साथ ही वाहनों 40 हजार रूपये के जुर्माना भी वसूला गया है।

# पीएम आवास के हितग्राहियों का रद्द होगा आवंटन : सविता

## आवासों को किराये पर देना पड़ेगा भारी, जमा राशि भी होगी राजसात

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने कहा कि नपानि अंतर्गत पीएम आवास योजना एएचपी घटक के तहत गनियारी में निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास के ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा अपने आवासो को किराये पर दिया गया है या अपने आवास में विगत कई माह से निवासरत नहीं है, उनका यह कृत्य शासन के निर्देशों एवं नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।**



ननि द्वारा शीघ्र ही ऐसे हितग्राहियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी तथा उनका आवास निरस्त किया जाकर जमा की गई राशि राजसात कर ली जाएगी। विभिन्न स्त्रोतो के माध्यम से आयुक्त को इस आशय की जानकारी मिल रही थी कि गनियारी में नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री आवास जिन हितग्राहियों को आवंटित किया गया है, स्वयं वे आवास में न रहकर दूसरे व्यक्तियों को किराये पर दे दिया गया है या आवास कई महिनों से बंद पड़े हैं। उक्त जानकारी गंभीरता पूर्वक लेते हुये निगमायुक्त के द्वारा आवास का जॉच कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि एक सप्ताह में आवास की जॉच पूर्ण कर अवगत कराये, ताकि संबंधितो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।